आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सभी लंबित देनदारियों के निपटारे के लिए एक सौ 53 करोड़ रूपए जारी।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अनुसार– हरोली विधानसभा में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क परियोजना में एक हज़ार करोड़ का पूंजी निवेश करेगी राज्य सरकार।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– जनजातीय ज़िलों में वन संरक्षण अधिनियम को तत्काल प्रभाव से किया जाएगा लागू।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य में बढ़ते जल संकट और आपराधिक घटनाओं को लेकर सरकार को लिया आड़ेहाथ।

## मंडी मध्यस्थता योजना

राज्य सरकार ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सभी लंबित देनदारियों के निपटारे के लिए एक सौ 53 करोड़ रूपए जारी किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने ये जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के इतिहास में पहली बार प्रदेश सरकार ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब उत्पादकों की सभी देनदारियों का भुगतान किया है। वे आज ठियोग विधानसभा क्षेत्र के नारकण्डा में स्थानीय लोगों की जनसमस्याएं सुनने के दौरान विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और बागवानों को सेब कीटनाशकों व उर्वरकों पर मिलने वाली सब्सिडी को पूर्व भाजपा सरकार ने बंद कर दिया था लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने इसे बहाल कर दिया है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत नारकंडा क्षेत्र की एक सौ 73 लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में 3 महीने की सम्मान निधि के रूप में 4 हज़ार 5 सौ रूपए हस्तांतरित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ढली–नारकंडा सड़क को फोरलेन के रूप में स्तरोन्नत करने और सुरंगों की सुविधा के संबंध में केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ विचार–विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाटू मंदिर तक रोप–वे स्थापित करने की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। इससे पहले उन्होंने हाटू माता मंदिर में पूजा–अर्चना भी की।

## मिल्कफैड

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें दुग्ध उत्पादन से जुड़ी गतिविधियां अहम हैं। वे आज शिमला में राज्य दुग्ध उत्पादक प्रसंघ मिल्कफेड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ढगवार दुग्ध संयंत्र के निर्माण से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं और समयबद्ध इसका निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कुल्लू, हमीरपुर, नाहन और ऊना में स्थापित दुग्ध संयंत्रों की क्षमता 20–20 हज़ार लीटर करने को कहा। उन्होंने दुग्ध उत्पादन समितियों के पंजीकरण में तेज़ी लाने और किसानों के क्षमता निर्माण व दुग्ध गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिल्कफेड द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों से दुग्ध एकत्रिकरण के गुणवत्ता मापदण्डों में आशातीत बढ़ौतरी हुई है। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने दुग्ध गतिविधियों को सशक्त करने के लिए समितियों के पंजीकरण की ज़रूरत बताई।

## अग्निहोत्री

राज्य सरकार ऊना ज़िला के हरोली विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले बल्क ड्रग पार्क में एक हज़ार करोड़ रूपए का पूंजी निवेश करेगी। ऊना ज़िले के बढ़ेड़ा में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि परियोजना का कुल खर्च राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा 50–50 फीसदी की हिस्सेदारी में वहन किया जाएगा और परियोजना संचालन का ज़िम्मा भी राज्य सरकार ही देखेगी। उन्होंने कहा कि ये परियोजना पूरे प्रदेश के लिए विकास और रोज़गार सृजन की मिसाल बनेगी। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने बढ़ेड़ा स्थित हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज में 40 बिस्तरों की सुविधा वाले मल्टी स्पैशिलिटी आयुर्वेदिक अस्पताल और यहां लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ भी किया।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि मेले व त्योहार युवा पीढ़ी को इतिहास और संस्कृति की जानकारी का साधन हैं। वे आज सोलन ज़िले के देयोंघाट में सिद्ध बाबा बालकनाथ मेले में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे स्थानीय स्तर पर आयोजित किए जा रहे मेलों की परंपरा को टूटने न दें। शांडिल ने कहा कि देयोंघाट में पानी की समस्या के समाधान के लिए समिति गठित कर पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाई जाएगी।

प्रधानमंत्री योग वीडियो

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10वें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर योग करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया। प्रधानमंत्री ने लोगों से योग के कई लाभों के लिए योगाभ्यास करने का आग्रह किया। वीडियो में स्वास्थ्य लाभों के साथ–साथ अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में पादहस्त आसन के बारे में जानकारी दी।

ईद–बधाई

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों विशेष तौर पर मुस्लिम समुदाय को ईद की मुबारकबाद दी। राज्यपाल ने अपने सन्देश में सभी मुस्लिम भाई–बहनों को मुबारकबाद देते हुए उनके खुशहाल व समृद्ध जीवन की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च बलिदान की भावना का प्रतीक यह त्यौहार समाज को शांति, करूणा और एकता का सन्देश देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से राज्य की प्रगति और समृद्धि के लिए मिलजुल कर कार्य करने का आह्‌वान किया।

जगत नेगी

राजस्व व बागवानी विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनजातीय ज़िलों में वन संरक्षण अधिनियम को तत्काल प्रभाव से लागू करेगी। वे आज किन्नौर ज़िला के पूह विकासखंड की रारंग पंचायत में आयोजित राज्यस्तरीय गुरू संझास मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राजस्व मंत्री ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम 2006 को लागू करने के संबंध में स्थानीय पंचायतों को अधिकार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी व कर्मचारी समयबद्ध सीमा में कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस बीच, जगत सिंह नेगी ने लिप्पा पंचायत में तैती खड्ड पर दो करोड़ 62 लाख रूपए की लागत से बने वैली ब्रिज का लोकार्पण किया और लिप्पा में सामुदायिक भवन व बस स्टैंड से पानसारिंग तक बनने वाले लिंक रोड का शिलान्यास भी किया। राजस्व मंत्री ने जनसमस्याएं भी सुनीं और सभी उचित मांगों के त्वरित निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में जल संकट से निपटने के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि इन दिनों टूरिस्ट सीज़न चल रहा है और हर जगह चल रही पानी की कमी से लोग परेशान हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि राजधानी शिमला में अधिकांश स्थानों में 4 से 5 दिन बाद पानी आ रहा है जबकि कई जगह हालात इससे भी खराब है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गर्मी के मौसम में पूर्व निश्चित जल संकट से निपटने के लिए सरकार ने कोई योजना नहीं बनाई जिसके चलते लोग आज परेशान हो रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार को अपना दायित्व निभाने की सलाह दी है।

बिंदल

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में जंगलों की आग, भीषण गर्मी और जलसंकट को लेकर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि जहां पूरा प्रदेश तेज गर्मी और लू से जल रहा है वहीं प्रदेश सरकार अपने चहेतों को कैबिनेट रैंक बांटने में व्यस्त है। बिंदल ने कहा कि बीते दो महीनों से प्रदेश के जंगल जल रहे हैं और मुख्यमंत्री व उनके मंत्री इस संबंध में कोई भी उचित कदम नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने में सरकार विफल साबित हो रही है।

स्थापना

आकाशवाणी शिमला ने आज अपना स्थापना दिवस मनाया। आज ही के दिन सन् 1955 में अकाशवाणी शिमला से प्रसारण शुरू हुआ था। अब तक अपने उनहतर वर्षों के सफर में आकाशवाणी शिमला ने अपने श्रोताओं को मनोरंजन, शिक्षा, कृषि व सूचना संबंधी जानकारी देने में उच्च आयामों को छुआ है। आकाशवाणी के समाचार हमेशा से तथ्यपरक, विश्वसनीय और जनहित में जारी प्रसारित किए जाते हैं। आकाशवाणी के अन्य संगीतिक कार्यक्रम लोगों का स्वस्थ मनोरंजन करने के अलावा प्रदेश की लोक संस्कृति के संवर्धन का कार्य भी करते हैं। आकाशवाणी परिवार इस अवसर पर अपने सभी श्रोताओं को शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

ग्रीष्मोत्सव

राजधानी शिमला में इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की धूम है। चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव का राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल शुभारम्भ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने ऐसे आयोजनों को हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में मददगार बताया। मैदानी क्षेत्रों से भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी संख्या में शिमला पहुंचे पर्यटक भी ग्रीष्मोत्सव में विविध संस्कृति का लुत्फ उठा रहे हैं। ग्रीष्मोत्सव में हिमाचली कलाकारों सहित अन्य राज्यों के कलाकार भी अपनी कला का जादू बिखेर रहे हैं। उत्सव की पहली संध्या हिमाचल के प्रसिद्ध नाटी किंग कुलदीप शर्मा के नाम रही। आज दूसरे दिन प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक साज भट्ट लोगों का मनोरंजन करेंगे। ग्रीष्मोत्सव की तीसरी संध्या में पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अययर जबकि आखिरी सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्व पंजाबी गायक दिलेर मेहंदी लोगों का मनोरंजन करेंगे। ग्रीष्मोत्सव के दौरान स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी में स्थानीय लोगों सहित पर्यटक भी खूब रूचि ले रहे हैं।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र की कठासु पंचातय के बटाड़ गाँव में तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक भवन बटाड़ के भवन की आधारशिला भी रखी। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इलाके में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का ज़िक्र भी किया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार ने राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से एक लाख इंतकाल के मामलों को निपटाया है। शिक्षा मंत्री ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित निदान का भी आश्वासन दिया।